दिनांक 28 मई 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

विभिन्न कोचिंग सेंटरों में फायर सेफ्टी के निरीक्षण में पहुंची निगम की टीम ने किया सर्वे

भिलाईनगर/महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव ने कोचिंग सेंटरों में फायर सेफ्टी की अनिवार्यता को देखते हुए टीम बनाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए हुए हैं! जिसको देखते हुए निगम आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने निरीक्षण दल को निर्देशित करते हुए भिलाई में संचालित विभिन्न कोचिंग सेंटरों में फायर सेफ्टी से संबंधित सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा है! आज निगम की टीम प्रातः 11:00 बजे सिविक सेंटर भिलाई पहुंची जहां पर सर्वप्रथम श्यामसुंदर मेडिकल से उनके द्वारा निर्माण किए गए ऊपर के मंजिलों की जानकारी ली गई कि कहीं कोचिंग सेंटर संचालित तो नहीं की जा रही है फिर ऊपर की मंजिलों में निरीक्षण करने पहुंचे जहां पर फायर सेफ्टी उपकरण लगा हुआ पाया गया! इसी प्रकार जिंदल किराना स्टोर , अग्रवाल एंड संस , आलोक सर क्लासेस ,फूड जंक्शन एवं हॉस्टल, रुद्री ड्रेसेस, देव स्पोकन इंग्लिश , केमिस्ट्री जोन, फर्स्ट कंप्यूटर, एसआईटी नेट कोचिंग , रामा कोचिंग, सरस्वती ज्ञान अकैडमी , एबीएस फाउंडेशन, केसीएस एजुकेट, क्यू फैक्टर अकैडमी , फीत्जी वेंकटेश, कोटा फ्यूजन ज्ञान, अकैडमी कोचिंग, कोटा स्टडी सर्कल, मोमेंटन कोटा क्लासेस, विद्या अकैडमी ,कोटा स्टडी सेंटर , आईटीएस कंप्यूटर एजुकेशन , लर्निंग सेंटर, फ्लोएमजी कोचिंग सेंटर सहित 29 विभिन्न कोचिंग सेंटरों का दोपहर तक प्रथम , द्वितीय एवं अंतिम तल पर पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया गया साथ ही विस्तृत जानकारी जैसे फर्म का नाम , संचालक का नाम, पता, दूरभाष क्रमांक, फायर सेफ्टी के लिए अपनाने वाले उपाय एवं उपकरण , कोचिंग में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या, भवन मे निर्मित मंजिलों की संख्या ,चढ़ने उतरने के लिए सीढ़ी की जानकारी , निकासी की व्यवस्था के लिए दरवाजे/खिड़कियों आदि की जानकारी प्राप्त कर जिन लोगों ने फायर सेफ्टी नहीं अपनाया है उन्हें शीघ्र फायर सेफ्टी अपनाने हेतु सलाह दी गई! निरीक्षण के दौरान टीम में भवन अनुज्ञा अधिकारी सुनील जैन, सहायक अभियंता संजय अग्रवाल, उप अभियंता श्वेता महेश्वर एवं प्रिया खैरवार, भवन अनुज्ञा विभाग के दयालदास साहू , भाऊराव वैद्य, प्रकाश अग्रवाल सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!

THANK YOU Parents, Students & Citizens of BHILAI ! | Your Trust & Support Has Made Total Selections 72+